08/12/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेहतर संचार, डिजिटल समावेशन और बुनियादी ढाचे में निवेश के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्यों में हुई प्रगति की सराहना की है। श्री मोदी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के एक आलेख के बारे में सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया साझा कर रहे थे। इस आलेख का विशेष है विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में पूर्वोत्तर की भूमिका। प्रधानमंत्री ने अष्टलक्ष्मी महोत्सव की भी सराहना की जिसमें पूर्वोत्तर क्षेत्र में टेक्सटाइल, पर्यटन के अवसरों और परम्परागत शिल्प के महत्व पर प्रकाश डाला जा रहा है। तीन दिन का अष्टलक्ष्मी महोत्सव नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज संपन्न हो रहा है। इसका लक्ष्य इस क्षेत्र के आठ राज्यों की सुन्दरता, विविधता और संकल्पों को उजागर करना है। इन राज्यों में असम, अरूणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम शामिल हैं। महोत्सव में दो सौ पचास से अधिक कारीगर अपने बेजोड शिल्प, हथकरघा और कृषि-बागवानी उत्पादों सहित चौतीस जीआई टैग से युक्त वस्तुएं प्रदर्शित कर रहे हैं।

0000000000000000000000

भारतीय सेना के ईस्टर्न कमांड के त्रिशक्ति सेपर्स ने एडवांस्ड फ्लाड मॉनिटारिंग सिस्टम (AFMS) विकसित की है। यह नवाचार आपदा की तैयारी को बढ़ाता है, जिससे सैनिकों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाती है। अपनी क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले AFMS ने समुदाय की सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी

का लाभ उठाने के लिए भारतीय सेना के समर्पण को रेखांकित किया है। यह एक माइक्रो कंट्रोलर, यूवी सेंसर और जीएसएम मॉड्यूल को एकीकृत करता है, जो प्रारंभिक एसएमएस अलर्ट जारी करने के लिए सोनार सिद्धांत का उपयोग करता है।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल बिपिन रावत को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। श्री खांडू ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखते हुए कहा कि 'वे अरुणाचल प्रदेश के बहुत अच्छे दोस्त थे और हमारे समय के सबसे बेहतरीन सैनिकों में से एक थे'। जनरल रावत ने देश की सैन्य रणनीति को बदल दिया और वैश्विक रक्षा साझेदारी को मजबूत किया। उनका दूरदर्शी नेतृत्व और स्थायी विरासत प्रेरणा देती है।'

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के सलाहकार एच. के. पालीवाल के साथ कल नई दिल्ली के अरुणाचल हाउस में CPSUs, NHPC लिमिटेड, NEEPCO लिमिटेड, SJVN लिमिटेड और THDCIL के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में तेरह जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए रणनीतिक चर्चा की समीक्षा की गई, जिनके समझौता ज्ञापन पर पिछले साल हस्ताक्षर किए गए थे। बैठक में चल रही परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई और उन क्षेत्रों पर चर्चा की गई जहां तेजी से कार्यान्वयन की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अरुणाचल प्रदेश के लोग बेहतर कनेक्टिविटी, रोजगार सृजन,

टिकाऊ बिजली आपूर्ति और उन्नत बुनियादी ढांचे के माध्यम से इन परियोजनाओं से लाभान्वित हों। बैठक में PCCF पी. सुब्रमण्यम, कमिश्नर हाईड्रोपावर सोनम चोम्बे और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

0000000000000000000000000

मुख्यमंत्री सब वेटिरिएन और वेटिरियन राज्य बैडमिंटन चैंपियनशिप का ग्यारहवां संस्करण शुक्रवार को तेजू में भव्य रूप से संपन्न हुआ, जिसमें अरुणाचल भर के खिलाड़ियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। विभिन्न श्रेणियों में आयोजित इस चैंपियनशिप में कुल तीन सौ तीन अनुभवी एथलीट और नई प्रतिभाएँ शामिल हुईं, जो राज्य में बैडमिंटन के प्रति बढ़ते उत्साह को दर्शाता है। इस अवसर पर बोलते हुए स्थानीय विधायक मोहेश चाई ने खेल भावना को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया और युवाओं को फिट रहने के साधन के रूप में खेलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। अपने होमटाउन में टूर्नामेंट का हिस्सा बनने के लिए सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए श्री चाई ने कहा, "यह चैंपियनशिप न केवल अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करती है, बल्कि युवा पीढ़ी को समर्पण के साथ खेलों को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करती है।"

00000000000000000000

राजीव गांधी विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग ने पिछले 3-4 दिसंबर को 'लिंग आधारित हिंसा' विषय पर अरुणाचल प्रदेश में परामर्शदाताओं, चिकित्सकों और छात्र युवाओं के लिए दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की।

यह कार्यशाला पच्चीस नवंबर से दस दिसंबर तक लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ सोलह दिवसीय सक्रियता अभियान का हिस्सा है। इस कार्यशाला में अरुणाचल प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग, पापुमपारे जिले के वन स्टॉप सेंटर, अरुणाचल प्रदेश महिला कल्याण सोसायटी और लेखी गांव के कृपा फाउंडेशन ने हिस्सा लिया।

0000000000000000000

दुबई में, बांग्लादेश ने भारत को उनसठ रन से हराकर अंडर-19 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। फाइनल में एक सौ निन्यानवें रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम छत्तीसवें ओवर में एक सौ उनतालीस पर सिमट गई। इससे पहले, बांग्लादेश की टीम पचासवें ओवर में एक सौ अट्ठानवें रन पर आउट हुई। भारत आठ बार यह खिताब जीत चुका है।

0000000000000000000000